Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct railway lines on Phaphund-Jalaun-Konch and Etawah-Bindki sections in Uttar Pradesh .

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): अध्यक्ष महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र इटावा है । उस क्षेत्र में एक जिला केन्द्र औरैया है । उस औरैया में, सन् 2014 में रेलवे द्वारा एक सर्वे हुआ और उसमें फफूंद से जालौन और इटावा से बिंद की रोड तक एक नई रेलवे लाइन बिछाने का सर्वे हुआ । वह सर्वे वर्ष 2014 में पूरा हो चुका है । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह माँग करता हूँ कि पूरा इटावा और औरैया का जो क्षेत्र है, उसका बहुत बड़ा हिस्सा जंगली क्षेत्र है और वहाँ से यह रेलवे लाइन प्रस्तावित हुई है । उस रेलवे लाइन का सर्वे पूरा हो चुका है । मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि यह रेलवे लाइन का जो काम है, उस काम को शीघ्र कराया जाए, जिससे इटावा और औरैया जनपद की जनता को उसका लाभ मिल सके । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुलदीप राय शर्मा को डॉ. रामशंकर कठेरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।